# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ से दूसरे दिन भी पाकिस्तान के शेयर बाजार मे कोहराम, KSE-100 मे 7% की गिरावट, रोकनी पड़ी ट्रेडिंग।

Publisher | Published on 08 May 2025



### आज पाकिस्तान के बेचंमार्क इंडेक्स KSE-30 मे 7 परसेटं से अधिक की गिरावट के बाद शेयर बाजार मे ट्रेडिंग पर रोक लगा दी गई.

पहलगाम पर हुए हमले और ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है. पाकिस्तान के स्टॉक मार्केट में गुरुवार को भारी गिरावट दर्ज की गई. आज पाकिस्तान के बेंचमार्क इंडेक्स KSE-30 में 7 परसेंट से अधिक की गिरावट के बाद शेयर बाजार में ट्रेडिंग पर रोक लगा दी गई.

भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए घातक आतंकवादी हमले में 26 मासूम लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें से ज्यादातर सैलानी थे. इस हमले के ठीक 15वें दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के 9 ठिकानों को अपना निशाना बनाते हुए उन्हें पूरी तरह से तबाह कर दिया और इसी के साथ पहलगाम हमले का अपना बदला लिया. भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया.

अब पाकिस्तान को 9 मई का इंतजार
गुरुवार को KSE-100 इंडेक्स भी 5 परसेंट (करीब 6,000 अंक) से अधिक गिरकर 104,087 के आसपास पहुंच गया. अब निवेशकों को कल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के फैसले का इंतजार है. 9 मई को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की बैठक होनी है.

इसमें 7 बिलियन डॉलर के एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (EFF) प्रोग्राम के जरिए पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्ज की रिव्यू होगी.

इसकी पहली किश्त पहले ही पाकिस्तान को दी जा चुकी है और अब बाकी के 6 बिलियन डॉलर आने वाले 37 महीनों में दिए जाने हैं. इसके अलावा, क्लाइमेट रेजिलिएंस लोन प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान को 1.3 बिलियन डॉलर (करीब 11,000 करोड़ रुपये) मिलने हैं, इसकी भी कल रिव्यू की जाएगी.

भारतीय शेयर बाजार का हाल
वहीं, अगर भारतीय शेयर बाजार की बात करें, तो गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला BSE बेंचमार्क इंडेक्स 181.21 अंक चढ़कर 80,927.99 पर पहुंच गया. NSE निफ्टी 32.85 अंक उछलकर 24,447.25 पर पहुंच गया.

बता दें कि पाकिस्तान के शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट देखी गई थी. पाकिस्तान के बेंचमार्क शेयर इंडेक्स में 5.78 परसेंट की भारी गिरावट दर्ज की गई थी. केएसई-100 इंडेक्स शुरुआती कारोबार में 6,272 अंक यानी 5.5 परसेंट फिसलकर 107,296 पर पहुंच गया था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.